दिन–सोमवार दिनांक– 31 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज सुबह रोजेदारों ने राजधानी पटना के गांधी मैदान और शाही ईदगाह गुलजारबाग समेत अन्य ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में अदा की जानेवाली नमाज के बाद वहां लोगों से भेट–मुलाकात की और ईद की मुबारकवाद दी। इधर, ईद को लेकर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने के साथ ही सलामती की दुआ कर रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने ईद की बधाई दी है। इधर, ईद को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पटना, नालंदा, गया, नवादा और भागलपुर समेत एक दर्जन से अधिक जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा संवदेनशील स्थानों पर केन्द्रीय बलों को प्रतिनियुक्त की गया है।

———————————————————

बिहार पुरुषों की हीरो हॉकी एशिया कप दो हजार पच्चीस की मेजबानी करेगा। इसे लेकर हाकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर आज हस्ताक्षर किये गये। यह प्रतियोगिता उनतीस अगस्त से सात सितंबर तक राजगीर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेली जाएगी। भारत और पाकिस्तान सहित एशिया की आठ टीमे इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। एशिया की इस बड़ी हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर आज पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में हाकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह और खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेंदर ने एम ओ यू पर हस्ताक्षर किये।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के दो हजार एक सौ इक्यावन पुरुष शिक्षकों का ऐच्छिक तबादला किया गया है। इन शिक्षकों की पत्नियां भी सरकारी विद्यालयों में ही शिक्षक हैं। इस तबादले से ये सभी पुरुष शिक्षक अपनी पत्नी के पदस्थापन वाले जिले में स्थानांतरित हो गए हैं। इन शिक्षकों को स्कूल का आवंटन दस से तीस अप्रैल के बीच होगा।

---

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत पंचानवे हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को चिन्हित किया गया है। इनमें सबसे अधिक आठ हजार पांच सौ परिवार गया जिले के हैं। सबसे कम चार सौ परिवार शेखपुरा जिले में चिन्हित किये गये हैं। राज्य में योजना के पात्र लाभुकों के चयन के लिए सर्वेक्षण का काम चल रहा है। सर्वेक्षण की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीस अप्रैल कर दी गयी है।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के घटक दल साझा चुनावी अभियान चलायेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कल की एनडीए की बैठक में समन्वय बनाकर चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को लेकर सभी दलों ने प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि बैठक में दो सौ पच्चीस सीटों पर जीत हासिल करने के लिए रणनीति पर विचार–विमर्श किया गया।

---

राज्य सरकार ने पैक्सों में डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा देने के लिए चार हजार से अधिक पैक्स समितियों को ई–पैक्स के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले छह महीनों में इन समितियों में लेन–देन का काम पूरी तरह से डिजिटल हो जायेगा। विभाग के अनुसार इससे काम में तेजी आने के साथ सदस्यों को बेहतर सुविधाएं भी दी जा सकेंगी।

————————————————————————————

चैत नवरात्र के दूसरे दिन आज देवी दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना से सौभाग्य, आरोग्य और अभय की प्राप्ति होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

————————————————————————————

समापन